# महाराणा प्रताप स्नातकोत्तर महाविद्यालय

## जंगल धूसड़- गोरखपुर

स्थापित २००५ ई.

फोन नं0 : 0551–6827552, 2105416

मो. : 9794299451

Website: www.mpm.edu.in

E-mail : mpmpg5@gmail.com


पत्रांक : ...................  दिनांकः 21.01.2016

## प्रकाशनार्थ

खेल भावना एकता स्थापित करने का सशक्त माध्यम है। अनुशासन और आत्म नियंत्रण की चेतना का विकास तीव्र गति से विद्यार्थियों में हो सके इसके लिए शिक्षा के साथ खेल में सहभागिता भी आवश्यक होती है उक्त बातें राष्ट्रीय सेवा योजना एवं क्रीड़ा विभाग के संयुक्त तत्वाधान में भारत–भारती पखवाड़ा के अन्तर्गत युग पुरूष ब्रहम्लीन अवेद्यनाथ दौड़ प्रतियोगिता के उद्घाट्न अवसर पर खिलाड़ियों के सम्बोधित करते हुए राष्ट्रीय सेवा योजना के वरिष्ठ कार्यक्रम अधिकारी डॉ. अविनाश प्रताप सिंह ने कहा।

युग पुरूष ब्रहम्लीन अवेद्यनाथ दौड़ प्रतियोगिता में 100 मीटर दौड़ बालक वर्ग में बीरबल कुमार गुप्ता बी.ए. तृतीय वर्ष ने प्रथम स्थान, मेहताब अली बी.ए. द्वितीय वर्ष ने द्वितीय स्थान तथा अश्वनी प्रजापति बी.काम. प्रथम ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। 100 मीटर दौड़ बालिका वर्ग में अमिता राय बी.ए. द्वितीय वर्ष प्रथम स्थान, तेजस्विनी यादव बी.काम. द्वितीय वर्ष ने द्वितीय वर्ष तथा रंजना चौहान बी.ए. प्रथम वर्ष में तृतीय स्थान प्राप्त किया। 200 मीटर दौड़ में रिन्कू यादव बी.ए. द्वितीय वर्ष में प्रथम स्थान, अश्वनी प्रजापति बी.काम. प्रथम वर्ष ने द्वितीय स्थान तथा दीपक प्रजापति बी.ए. द्वितीय वर्ष ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। 400 मीटर दौड़ में मुकेश कश्यप बी.ए. प्रथम वर्ष ने प्रथम स्थान, संतोष कुमार निषाद बी.ए. तृतीय वर्ष ने द्वितीय स्थान तथा अनूप कुमार यादव एम.एस–सी. प्रथम वर्ष ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। इस अवसर पर क्रीड़ा प्रभारी डॉ. मृत्युंजय सिंह, भूपेन्द्र कुमार गुप्ता, मंजेश्वर विश्वकर्मा, गोविन्द वर्मा एवं बड़ी संख्या में खिलाड़ी उपस्थित रहे।

**(डॉ. प्रकाश प्रियदर्शी)**

सूचना एवं जनसम्पर्क अधिकारी